एक सच्चे सतगुरु ज्ञान बिना

एक सच्चे सतगुरु ज्ञान बिना,
दुनिया में अपना कोई नहीं...

एक बात कहें बेटा मेरा है,
वह बेटा का है सब धोखा है,
बस जन्म लेन का रिश्ता है,
दुनिया में अपना कोई नहीं....

एक बहन कहे भाई मेरा है,
वह भाई कहे सब धोखा है,
बस भात लेन का रिश्ता है,
दुनिया में अपना कोई नहीं....

एक तिरीया कहे पति मेरा है,
वह पति कहे सब धोखा है,
बस बंश बढ़न का नाता है,
दुनिया में अपना कोई नहीं....

एक शिष्य कहे गुरु मेरा है,
वह गुरु कहे सब धोखा है,
बस ज्ञान लेन का नाता है,
दुनिया में अपना कोई नहीं.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25630/title/ek-sachhe-satguru-gyan-bina

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |